पाठ -7 ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लोकप्रिय जन- प्रतिरोध

जन-प्रतिरोध - लोगो का विरोध या रुकावट

प्रतिरोधी - विरोध करने वाला

शोषण - दूसरे के श्रम का अनुचित लाभ उठाना (जैसे–ग़रीबों का शोषण)

हस्तक्षेप - अनावश्यक तथा अनधिकार दखल देना।

औपनिवेशिक शक्ति - अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपने अधीन देशों

पर सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक नियंत्रण स्थापित करना

सम्प्रदाय -परंपरा से चला आया हुआ सिद्धांत या मत।

वाणिज्यकरण - धनप्राप्ति के उद्देश्य से वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना

प्रतिबंध - रुकावट

उर्वरा शक्ति - उपजाऊ शक्ति

वर्चस्व - अधिकार

अभियान - दल बल सहित चल पड़ना।

मिशनरियों - वह जो किसी दूसरी जगह या दूसरे देश में केवल लोक सेवा के भाव से जाता या जाकर रहता हो।

जनजाति - जंगलों और पहाड़ी स्थानों में रहनेवाली जातियाँ।

परगना - अनेक गाँवों वाला भू भाग।

बंधुआ मजदूरी - वह व्यक्ति जो लिए हुए ऋण को चुकाने के बदले ऋणदाता के लिए श्रम करता है या सेवाएँ देता है,

संवेदनशील - भावुक

आर्थिक - धन से संबंधित

विघटन - तोड़ना

अर्थव्यवस्था - उत्पादन, वितरण एवम खपत की एक सामाजिक व्यवस्था है।

स्वाधीनता - स्वतंत्रता

शांतिहीन - बिना शांति के

हस्तातंरण - एक के हाथ से दूसरे के हाथ में आना, अंतरण।

स्वायत्तता - किसी दूसरे के हस्तक्षेप के बगैर व्यक्ति विशेष, संस्था

तत्कालीन - उस समय का। उन दिनों का।